भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2853
10 मार्च, 2026 को उत्तर के लिए

सेल द्वारा आयोजित स्वास्थ्य मेले

2853. **श्री अरुण कुमार सागरः**

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) और इस्पात मंत्रालय के अधीन अन्य उपक्रम स्वास्थ्य मेले आयोजित करने के लिए निधि खर्च करते हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) गत तीन वर्षों के दौरान सेल और उक्त मंत्रालय के अधीन अन्य उपक्रमों द्वारा किन स्थानों पर स्वास्थ्य मेले आयोजित किए गए हैं और उनका तिथि-वार और स्थान-वार ब्यौरा क्या है; और

(ग) उपरोक्त अवधि के दौरान सेल और उक्त मंत्रालय के अधीन अन्य उपक्रमों द्वारा खर्च की गई निधि का तिथि-वार और स्थान-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर

इस्पात राज्य मंत्री **(श्री भूपतिराजु श्रीनिवास वर्मा)**

(क) से (ग): कंपनी अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के अनुसार, कंपनियों को पिछले तीन वित्तीय वर्षों के औसत निवल लाभ का कम से कम दो प्रतिशत निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पर खर्च करना अनिवार्य है। स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) सहित इस्पात सीपीएसई अपने सीएसआर पहलों के तहत स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करती हैं, जिनका उद्देश्य संयत्रों/खदानों के आसपास रहने वाले लोगों के सामाजिक, पर्यावरणीय और आर्थिक विकास पर ध्यान केंद्रित करना है। पिछले तीन वर्षों में, इस्पात मंत्रालय के अधीन इस्पात सीपीएसई द्वारा कुल 846 करोड़ रुपये की धनराशि सीएसआर पर खर्च की गई, जिसमें से 462 करोड़ रुपये सेल द्वारा खर्च किए गए थे।

*****